नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय,जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी

वी.यू. में 39 वीं प्रबंधन मंडल बोर्ड की बैठक सम्पन्न

जबलपुर। आज दिनांकः 29.03.2022 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में 39वीं प्रबंधन मंडल बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा की गई। बैठक की शुरूआत में कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी ने मेंबर्स के समक्ष ऐजेंडा प्रस्तुत किये। जिसमें विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न प्रगतिशील एवं आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं विश्वविद्यालय हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए साथ ही अन्य प्रस्ताव भी रखें गये है। हाल ही में हुए साक्षात्कार में रिक्त पदों में चयनित उम्मीदवारों के लिफ़ाफे खोलकर अनुमोदन किया गया तथा दीक्षांत समारोह, वार्षिक लेखा तथा बजट अनुमान वित्तीय वर्ष 2022—23, वार्षिक खेल कूद आदि के प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत अनुमोदन दिया गया। इस अवसर पर माननीय सदस्यों द्वारा अपने—अपने विचार प्रकट किये तथा कुलपति, डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल नेतृत्व में प्रबंधन एवं प्रशासनिक दक्षता व वि.वि. के निरंतर विकास के प्रयासों की सराहना की और आगे पूर्ण सहयोग एवं सामंजस्य का भरोसा दिलाया।

प्रबंधन मंडल के सदस्यों में क्रमशः मण्डल के सदस्य माननीय श्री एस.सी. दुबे, श्रीमति राधा मिश्रा, श्री हिम्मत सिंह पटेल, डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. सुधीर यादव, पशुपालन विभाग से डॉ. गौतम, मत्स्य पालन विभाग के श्री प्रियंक श्रीवास्तव, कुलसचिव, डॉ. श्रीकांत जोशी, लेखा नियंत्रक, श्री अजय सिंह ठाकुर उपस्थित रहें।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.,अधारताल, जबलपुर